# गंगापुर सिटी में सीईओ ने पंचायत समिति के रिकॉर्ड, पत्रों की जांच की

- ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा कर दिए प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश
- सीईओ ने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा का

**गंगापुर सिटी** । जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुढानिया ने मंगलवार को गंगापुर सिटी पंचायत समिति का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली का जायजा लिया और लेखा, स्थापना, विकास, अभियांत्रिकी, आईटी और सामाजिक अंकेक्षण शाखाओं के रिकॉर्ड, रजिस्टर व प्रपत्रों का भौतिक सत्यापन किया।

सीईओ ने ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। इसमें लाभार्थी चयन, भुगतान की स्थिति और लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया । उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, स्वामित्व योजना, ग्रामीण सेवा शिविर-2026, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जातियों को आवासीय पट्टा वितरण, विधायक एवं सांसद निधि के कार्यों, महात्मा गांधी नरेगा, हरियालो राजस्थान अभियान और राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली।

ई-फाइल एवं ई-ऑफिस व्यवस्था के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। खंड विकास अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर ने बताया कि सीईओ ने योजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत समिति परिसर और कार्यालय कक्षों में साफ-सफाई बनाए रखने, भवन मरम्मत सहित लंबित कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने तथा आमजन को सम्मानजनक व त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान 1 जुलाई को प्रस्तावित वीबीजी रामजी उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। सीईओ ने पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (पीएआई) के तहत ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए लक्ष्य-आधारित कार्ययोजना बनाने, समय पर डेटा एंट्री करने और फील्ड विजिट बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को ग्रामीण विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सामूहिक जिम्मेदारी याद दिलाई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी डॉ. जगदीश गुर्जर के साथ शाखा प्रभारी, कनिष्ठ अभियंता, ग्राम विकास अधिकारी और अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

## एक दिन में सुलझा वर्षों पुराना भूमि विवाद

**करौली** । ग्रामीण सेवा शिविर लांगरा ने वर्षों से लंबित भूमि बंटवारे के विवाद का समाधान कर 12 परिवारों को बड़ी राहत प्रदान की है। खाता संख्या 100 एवं खसरा संख्या 56/613 से संबंधित भूमि के सहमति बंटवारे की प्रक्रिया शिविर में सफलतापूर्वक पूरी कराई गई। भूमि बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके कारण परिवारों को खेती, ऋण और सरकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शिविर प्रभारी प्रीति मीणा, तहसीलदार शीशराम तथा राजस्व अधिकारियों की पहल पर दोनों पक्षों को आपसी सहमति के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर ही नक्शा एवं हिस्सों का निर्धारण कर बंटवारे की प्रक्रिया पूरी की गई तथा 12 परिवारों को उनके हिस्से की भूमि के वैध दस्तावेज सौंपे गए । लाभार्थियों ने कहा कि वर्षों से चला आ रहा विवाद एक ही दिन में समाप्त हो गया, जिससे न केवल भूमि संबंधी समस्या का समाधान हुआ बल्कि आपसी सौहार्द भी मजबूत हुआ। ग्रामीण सेवा शिविर की यह पहल प्रशासन को आमजन के द्वार तक पहुंचाने और त्वरित समाधान उपलब्ध कराने का सफल उदाहरण बनकर सामने आई है ।

# डॉ. मुखर्जी एक विधान एक निशान के पक्ष में रहे : अग्रवाल

- गंगापुर सिटी में भारतीय जनसंघ एवं भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई

**गंगापुर सिटी** । भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल गंगापुर सिटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनसंघ एवं भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास के अध्यक्षता आयोजित किया गया। सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्रपटट पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण अर्पित किए। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि पंडित मुखर्जी ने अपने राजनीतिक सामाजिक जीवन में हमेशा देश में चल रहे दो विधान, दो निशान का विरोध करते हुए भारत देश के जम्मू कश्मीर हिस्से को अखंड भारत का हिस्सा बनाने के लिए संघर्ष किया।

मुखर्जी हमेशा अपने जीवन में एक विधान एक निशान के लिए संघर्षरत रहे, वहीं वें सैद्धांतिक राजनीति के पक्षधर रहे। इस अवसर पर जिला मोर्चा संयोजक जमना लाल वैष्णव द्वारा भी पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राजनीतिक सामाजिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ.मुखर्जी ने अपने राजनीतिक कार्यकाल में देश को उद्योग के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए कार्य किया। हमें एक अच्छे कार्यकर्ता के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए डॉ.मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास द्वारा उपस्थित समस्त भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार धन्यवाद प्रकट किया गया।

इस अवसर पर सूरजमल जाट, महामंत्री कमलेश महावर, गोविंद गुप्ता, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष राधा दीक्षित, मंडल उपाध्यक्ष चिरंजी लोधा, विकास सैनी, नारायण महावर, गोपाल गर्ग, गोपाल धामोनिया, नानकचंद गोयल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कीचड़ में जीवन जीने को मजबूर ग्रामीण

**सूरौठ** । तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सौमला रात्रा के गांव सोमली में घर-घर नल योजना के तहत करीब एक वर्ष पूर्व की गई सड़क खुदाई के बाद आज तक सड़क का पुनर्निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नई इंटरलॉक सड़क को खोद दिए जाने के बाद सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि बरसात के दिनों में दो-दो फीट तक कीचड़ जमा हो जाता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण गांव के लोगों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। स्थिति यह है कि मंगलवार को सुबह जब अंतिम संस्कार के दौरान मरघट तक जाने वाले लोगों को भी गहरे कीचड से होकर गुजरना पड़ता है। गांव में टेंपो, चार पहिया वाहन एवं अन्य वाहन आसानी से प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीण मुकेश डांगुर ने बताया कि घर-घर नल योजना के कार्य के दौरान सड़क की खुदाई तो कर दी गई, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद सड़क को पूर्व स्थिति में नहीं लाया गया।

# डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा जनो ने याद किया

- विशिष्ट अतिथि रमेश मीणा पूर्व विधायक टोडाभीम इंदू देवी रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के द्वारा की गई

**करौली** । भारतीय जनता पार्टी जिला करौली के द्वारा, भाजपा जिला कार्यालय पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भरतपुर संभाग के प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल बिश्नोई , प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पाल सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता रहें। एवं विशिष्ट अतिथि रमेश मीणा पूर्व विधायक टोडाभीम इंदू देवी रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के द्वारा की गई।इस अवसर पर भाजपाइयों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वो जन संघ से भारतीय जनता पार्टी के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सभी पदाधिकारीयो ने श्रद्धांजलि अर्पित की। एवं बूथ स्थर के कार्यक्रम को जिला कार्यालय पर मनाया गया।भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि इस दौरान लवकुश वाटिका रणगांव तालाब के पास पहुंचकर सभी ने एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया ।भाजपा जिला कार्यालय की भूमि को लेकर प्रदेश पदाधिकारी सहित जिला पदाधिकारी ने पहुंचकर भाजपा जिला कार्यालय की जमीन का मौका देखा।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष कैलाश शर्मा, प्रहलाद सिहंल, राजेन्द्र शेखपुरा, जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, रूप सिंह मीणा, उपाध्यक्ष अजय पाल, पुष्पेंद्र बंसल, चंद्रकला मीणा, आरती बैंसला, पुष्पेंद्र सैनी, कमला जोहरी शिव सिंह जाट,सत्यनारायण शर्मा, सुरेश गुप्ता, गोपाल शर्मा, जितेंद्र पीचानोत, मुकेश सोनी,आशुतोष तिवारी, रामेंद्र सिंह जादौन, गीता देवी सत्यनारायण शर्मा, सतवीर सिंह, रवीना मीणा, अनील चतुर्वेदी, अन्य भाजपा पदाधिकारिगण उपस्थिति रहें।अंत में बालाघाट मंडल अध्यक्ष हरगुण सिंह के पिताजी के निधन पर सभी भाजपा पदाधिकारीयों ने 2 मिनट का मोन धारण उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## तुलसीपुरा में सेवा शिविर आज

**करौली**, । राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए जिले में ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 24 जून बुधवार को विभिन्न पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिड़वाल ने बताया कि इस अभियान के तहत पंचायत समिति करौली की ग्राम पंचायत सैंगरपुरा व तुलसीपुरा, पंचायत समिति मासलपुर की ग्राम पंचायत भावली, पंचायत समिति हिण्डौन की ग्राम पंचायत खीप का पुरा व क्यारदा खुर्द, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी की ग्राम पंचायत सनेट, पंचायत समिति मण्डरायल की ग्राम पंचायत श्यामपुर, पंचायत समिति टोडाभीम की ग्राम पंचायत नागल मॉडल व कमालपुरा में सेवा शिविर आयोजित किया जायेगा।

# पोखर वाले बाबा की मूर्ति का अनावरण, विशाल पक्षी घर का लोकार्पण

- गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने धार्मिक एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ रामायण पाठ में भाग लिया

**हिण्डौन सिटी**। क्षेत्र की ग्राम पंचायत अटकोली के खेड़ली गुर्जर निगोतीया की ढाणी भोले का नगला में मंगलवार को धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता का अनूठा संगम देखने को मिला। प्रदेश के गृह, गोपालन, मत्स्य एवं पशुपालन डेयरी राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने ग्रामवासियों की आस्था के केंद्र पोखर वाले बाबा की नवनिर्मित प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया तथा पक्षी संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के उद्देश्य से निर्मित विशाल पक्षी घर का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर आयोजित रामायण पाठ एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पोखर वाले बाबा एवं भूमिया बाबा की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा । गृह राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास केवल आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को भी मजबूत करता है। उन्होंने पक्षी घर निर्माण की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जीव-जंतुओं और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भारतीय संस्कृति की पहचान रही है। प्रकृति और मानव के सहअस्तित्व की भावना को बढ़ावा देने वाले ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। समारोह में उपस्थित ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने मंत्री का स्वागत किया। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

उल्लेखनीय है कि समारोह के तहत सोमवार से रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया था, जिसके समापन पर मंगलवार को प्राण प्रतिष्ठा, मूर्ति अनावरण और पक्षी घर लोकार्पण जैसे प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन समस्त ग्रामवासी खेड़ली गुर्जर निगोतीया, अटकोली एवं भोले का पुरा के सहयोग से संपन्न हुआ । धार्मिक आयोजन के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली इस पहल की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव आदि मौजूद रहे।

## प्रतिभाओं का सम्मान किया

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिला ओलम्पिक संघ के द्वारा खेलो इंडिया मल्लखंभ एकेडमी भरतपुर में अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस हर्षोल्लास के साथ विभिन्न खेल संघों, खेल एकेडमी तथा उत्कृष्ट खिलाडी एवं खेल प्रेमियों की मौजूदगी में मनाया गया।

ओलम्पिक दिवस के अवसर पर भरतपुर जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष एवं डीग कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेष सिंह ने जिले राज्य एवं देश के सभी खिलाडियों, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों एवं खेल से जुडे प्रत्येक नागरिक को अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं भरतपुर जिला ओलम्पिक संघ के सचिव डॉ. रमेश इन्दौलिया ने सभी आमंत्रित मेहमानों एवं अतिथियों का माल्यार्पण, साफा, दुपट्टा पहना कर वहीं स्मृति चिंह जिला ओलम्पिक संघ के कोषाध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह उर्फ लाला पहलवान ने देकर सम्मानित किया।

## 25 साल बाद खुली सूरौठ की नहर

**सूरौठ** । कस्बे में करीब 25 वर्षों से चोक पडी पुरानी नहर (नाला) को नगर पालिका प्रशासन ने 'शहरी सेवा' शिविर के दौरान साफ सफाई कर पुनः चालू कर दिया। लंबे समय से लंबित इस समस्या के समाधान से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है तथा जल निकासी व्यवस्था सुचारु होने की उम्मीद जगी है। नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी रीना खंडेलवाल व वरिष्ठ सहायक अरहिंत जैन ने बताया कि वर्षों से सफाई नहीं होने के कारण नहर पूरी तरह, मलवे और कचरे से भर गई थी। इसके चलते आसपास के क्षेत्रों में जलभराव, गंदगी और दुर्गंध की गंभीर समस्या बनी हुई थी। स्थानीय नागरिक लंबे समय से इसके समाधान की मांग कर रहे थे। शहरी सेवा शिविर के दौरान मामला प्रशासन के संज्ञान में आने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सफाई प्रभारी खेमराज मीना के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची तथा जेसीबी मशीन और सफाई कर्मचारियों की सहायता से नहर की व्यापक सफाई शुरू की गई। कई घंटों की लगातार मेहनत के बाद नहर में जमा दशकों पुराना मलवा, और कचरा बाहर निकाला गया।

## पीएनबी वर्ष 2025-26 स्मारिका का विमोचन

**भरतपुर** (निस)। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी की अध्यक्षता में जिला कलक्टर कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय परामर्श समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, शिशिर दिवेदी ने सर्वप्रथम सभी प्रशासनिक और बैंकिंग क्षेत्र के अधिकारियों का स्वागत किया। प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक मलूक सिंह के द्वारा अपने प्रशिक्षण संस्थान की प्रगति सभा पटल पर रखा तथा सभी बैंकों से सभी लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादन करने का अपील किया। उनके द्वारा अध्यक्ष महोदय से प्रशिक्षण संस्थान के लिए निः शुल्क जमीन दिलवाने का आग्रह किया गया, इस पर अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा शीघ्र आवंटन करने का भरोसा दिया गया। इसके बाद पीएनबी आरसेटी भरतपुर की वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2025-26 स्मारिका का विमोचन अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर राहुल सैनी ने किया। इस अवसर पर पधारे आरबीआई एलडीओ मनदीप सिंह वालिया के द्वारा पीएनबी आरसेटी भरतपुर द्वारा जिले में कराये जा रहे स्वरोजगार परक प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं पीएनबी आरसेटी भरतपुर की वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2025-26 स्मारिका के प्रकाशन के लिए निदेशक मलूक सिंह एवं उनकी टीम को बधाई दी।


GOVERNMENT OF RAJASTHAN

**PRINCIPAL, DEVNARAYAN GOVT. GIRLS RESIDENTIAL SCHOOL, ALAPURI, RASERI, BAYANA, BHARATPUR**

Email- dgrgs.alapuri.dtp@rajasthan.gov.in

क्रमांकः- देव/राबाआवि/अलापुरी/2026-27/3355 दिनांकः 22.06.206

**NIT - 01/2026-27 (NIB :- SOC2627A0060)**

Bids for fruit and Vegetables (Rs. 8.40 Lacs) are invited from interested bidders upto date 30.06.2026 Time 12:00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in) of the state and Social justice and Empowerment Departmental website.

UBN No.:- SIC2627GSOB00060

Principal
D.G.G.R. School
Alapuri Raseri Bayana Bharatpur


## आरबीए अस्पताल के ब्लड बैंक में स्टॉक खत्म

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर संभाग के सबसे बड़े आरबीएम अस्पताल के ब्लड बैंक में ब्लड का संकट गहरा गया है। रोजाना 35 से 38 यूनिट ब्लड की जरूरत पड़ती है, लेकिन लगातार बढती मांग और रक्तदान शिविरों की कमी के चलते बैंक में स्टॉक नहीं बचा है। सबसे ज्यादा परेशानी ए पॉजिटिव ब्लड को लेकर है, जिसकी मांग जनाना अस्पताल में डिलीवरी केस बढ़ने से अचानक बढ़ गई है। ब्लड बैंक प्रशासन और पीएमओ ने सामाजिक संस्थाओं और आमजन से आगे आकर रक्तदान करने की अपील की है। मरीजों के परिजन ब्लड लेने के लिए दिनभर चक्कर लगा रहे हैं। जिनके पास ब्लड है भी तो वो प्यूरिफाई नहीं हो पा रहा क्योंकि रीजेंट नहीं है।


**कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर ( राज. )**

क्रमांकः 2124 दिनांकः 23.062026

**सार्वजनिक आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखित आवेदकों के आगे वर्णित स्थान पर 90ए/90बी/69ए/पुरानी आबादी के तहत पट्टा चाहा गया है जो निम्न है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | राजस्व ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय/व्यवसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कांता देवी पत्नी धर्म सिंह मीना | सालोदा | 488 | 222.96 | मिश्रित |
| 2 | मोहन बाई पत्नी श्री मुकेश कुमार मीना | सालोदा | 488 | 222.96 | मिश्रित |
| 3 | ओमेश कुमार मीना पुत्र श्री हरि सिंह मीना | डिबस्या | 1076,1077 | 264.76 | मिश्रित |
| 4 | कमला देवी पत्नी श्री हरकेश शर्मा | मिर्जापुर | 426,427 | 111.48 | आवासीय |
| 5 | कमला देवी पत्नी श्री हरकेश शर्मा | मिर्जापुर | 426,427 | 111.48 | आवासीय |
| 6 | केदार लाल गर्ग पुत्र श्री रामस्वरूप गर्ग | महुकलां | 44 | 139.35 | आवासीय |
| 7 | लड्डू गोपाल शर्मा पुत्र श्री रामकिशोर शर्मा | उदेईकलां | 5808 से 5811, 5813,5814 | 116.66 | आवासीय |
| 8 | अली हुसैन पुत्र श्री सरफुद्दीन | कस्बा गंगापुर | 228/599 | 25.56 | व्यावसायिक |
| 9 | अली हुसैन पुत्र श्री सरफुद्दीन | कस्बा गंगापुर | 228/599 | 126.62 | आवासीय |
| 10 | मोहर बाई पत्नी श्री गिर्राज | बाढसालोदा | 60 से 65,71 से 79 | 78.73 | आवासीय |
| 11 | सुनीता देवी पत्नी श्री ललित किशोर अग्रवाल | महुखुर्द | 421/27 | 92.90 | आवासीय |
| 12 | सुरभि गुप्ता पत्नी श्री आदित्य गर्ग | महुखुर्द | 421/27 | 92.90 | आवासीय |
| 13 | सतीश चन्द सोनी पुत्र श्री विशम्भरप्रसाद सोनी | गंगापुर | 270 | 125.41 | आवासीय |
| 14 | पुष्पा देवी पत्नी श्री सतीश चन्द सोनी | गंगापुर | 270 | 125.41 | आवासीय |
| 15 | गीता देवी पत्नी श्री राम किशोर मीना | मिर्जापुर | 146 | 185.80 | आवासीय |
| 16 | गुड्डी देवी पत्नी श्री प्रकाश चन्द बैरवा | महानन्दपुर | 188 | 89.74 | आवासीय |
| 17 | सुरेश चन्द पुत्र श्री हटीला राम | मिर्जापुर | 438,439,440 441,457 | 111.48 | आवासीय |
| 18 | गोपाल लाल पुत्र श्री रामजीलाल | मिर्जापुर | 577 | 204.38 | आवासीय |

अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त खसरा नम्बरों/69ए/पुरानी आबादी में पट्टा देने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में नगर परिषद में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते है। उक्त अवधि में आपत्ति पेश नही होने पर आवेदन कर्ता को भूमि का नियमानुसार आवासीय/व्यवसायिक पट्टा जारी करने की कार्यवाही की जाएगी इसके पश्चात् कोई आपत्ति पर सुनवाई नही की जायेगी। सूचित रहें।

**आयुक्त**
**नगर परिषद गंगापुर सिटी**


## विश्वेन्द्र सिंह को जन्मदिन पर बधाई

**भरतपुर** (निस)। पूर्व कैबिनेट मंत्री महाराजा विश्वेन्द्र सिंह को उनके 64 वें जन्म दिन के शुभ अवसर पर जवाहर फार्म हाउस पहुॅचकर जन्म दिन की बधाई दी तथा सभी कौमों की तरफ से हुकुम को हमेशा स्वस्थ्य रहने की कामना की एवं गिर्राज महाराज जी की कृपा सदैव बनी रहे ऐसी मनुकामनाएॅ की गई। इस अवसर पर शहर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचौरी, चन्द्रकांत शर्मा, पूर्व बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गंगाराम पाराशर, डॉ. सुशील पाराशर, साहब सिंह एडवोकेट, शहीद खान, लाखन सिंह हिंगोली, राजाराम सरपंच, सुभाष ताउ, चन्द्रपाल सिंह जघीना, योगेश सिंघल, इन्द्रजीत भारद्वाज पूर्व नेता प्रतिपक्ष, जगराम धाकड, श्रीराम चंदेला, यदुनाथ दारापुरिया आदि मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व केबीनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह के 64वें जन्म दिवस पर भूरी सिंह व्यायामशाला स्थित हनुमानजी की मूर्ति पर चोला चढाया गया व हनुमान चालीसा व सुन्दर कांड का पाठ कर इनके दीर्घायु की व स्वस्थ्य रहने की कामना की। व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान ने कहा कि विश्वेन्द्र सिंह ने जिला प्रमुख, सांसद, विधायक व मंत्री के रूप में ईमानदारी व स्पष्टवादिता व सभी धर्मों के रक्षक के रूप में भरतपुर व डीग जिले में इनका सक्रिय रहना अति आवश्यक है।


